# बालाजी बालाजी तेरे पास आया हूँ भजन लिरिक्स

बालाजी बालाजी तेरे पास आया हूँ,
चरणों में तेरे अरदास लाया हूँ।bd।

---

सच्चा है दरबार तुम्हारा,
संकट काटो बाबा हमारा,
जब जब भीड़ पड़ी भक्तों पर,
बाबा नंगे पाँव पधारा,
दु:ख हरना मेरे दु:ख हरना,
यही आस लाया हूँ,
चरणों में तेरे अरदास लाया हूँ,
बालाजी बोलो बालाजी,
तेरे पास आया हूँ,
चरणों में तेरे अरदास लाया हूँ।bd।

---

दीन दयाल दया के सागर,
फिर क्यों खाली मेरी गागर,
झोली मेरी तुम भर देना,
मुगदर धारी बजरंग बाबा,
भर देना झोली भर देना,
ये विश्वास लाया हूँ,
चरणों में तेरे अरदास लाया हूँ,
बालाजी बोलो बालाजी,
तेरे पास आया हूँ,
चरणों में तेरे अरदास लाया हूँ।bd।

---

जब फागुन का मेला आवे,
मुझको पास बुलाना होगा,
मैं मारूँगा भर पिचकारी,
तुमको रंग लगाना होगा,
खेलूंगा होली खेलूंगा,
मैं गुलाल लाया हूँ,
चरणों में तेरे अरदास लाया हूँ,
बालाजी बोलो बालाजी,
तेरे पास आया हूँ,
चरणों में तेरे अरदास लाया हूँ।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

जब जब तेरी याद सताए,
बालाजी नयनों में पाए,
सेवक की तो यही कामना,
सारा जग सुखी हो जाए,
कर देना सुखी कर देना,
ये आस लाया हूँ,
चरणों में तेरे अरदास लाया हूँ,
बालाजी बोलो बालाजी,
तेरे पास आया हूँ,
चरणों में तेरे अरदास लाया हूँ।bd।

बालाजी बालाजी तेरे पास आया हूँ,
चरणों में तेरे अरदास लाया हूँ।bd।

**– Upload By –**
अनमोल नामदेव, दिव्यांशु
**6397256821**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com